सरकारी संस्था में वर्कशाप का आयोजन

नाभा, 4 जून (गोयल): नाभा के सरकारी आर्ट एवं क्राफ्ट संस्था में विद्यार्थियों के लिए वर्कशाप का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने प्रयोग में न आने वाली वस्तुओं से सजावटी सामान को तैयार किया।

संस्था प्रिं. प्रद्युमन सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा वर्कशाप में तैयार किए गए सामान की प्रदर्शनी लगाई जाएगी एवं विजेता विद्यार्थियों को संस्था की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा। इसप्रीत कौर ने भी बच्चों को प्रयोग में न आने वाली वस्तुओं से और भी कई तरह का सजावटी सामान बनाने एवं आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया। प्रिंसीपल की ओर से वर्कशाप के समापन के बाद वर्कशाप में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को सर्टीफिकेट्स दिए गए।